मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 111, मुंबई, सोमवार, 23 जून, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर







## रामदास आठवले ने की 'जातिगत जनगणना' की मांग



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री और 'रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया' (आठवले) प्रमुख रामदास आठवले ने रविवार को देश में जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। आठवले ने कहा कि देश में जातिगत जनगणना कराए के लिए कोई न कोई रास्ता निकाला जाना चाहिए। चूंकि संविधान के अनुच्छेद 17 में जातिवाद के उन्मूलन का प्रावधान है, इसलिए सभी सरकारों के सामने हमेशा से अड़चन रही है कि जाति के आधार पर जनगणना कैसे कराई जाए? आठवले ने कहा, मेरी पार्टी की तरफ से मांग है कि कोई न कोई मार्ग निकाला जाना चाहिए क्योंकि एक बार जाति के आधार पर जनगणना हो जाएगी तो हमें आबादी में हर जाति का प्रतिशत पता चल जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में हर जाति की आबादी में उसकी हिस्सेदारी के आधार पर आरक्षण का लाभ देने का फैसला किया जाता है तो उनकी पार्टी इसका विरोध नहीं करेगी क्योंकि हर जाति में गरीब लोग होते हैं। आठवले ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, मैं गांधी से पूछना चाहता हूं कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब जातिगत जनगणना क्यों नहीं कराई गई?

## मुंबई होर्डिंग हादसे पर सोमैया का दावा


### आईपीएस की पत्नी की कंपनी को मिली थी 46 लाख की रिश्वत





**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के नेता किरीट सोमैया ने रविवार को आरोप लगाया कि विज्ञापन कंपनी के निदेशक भावेश भिंडे ने तत्कालीन राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) आयुक्त की पत्नी की कंपनी को 46 लाख रुपये की घूस दी थी, जिन्होंने वह होर्डिंग लगाने की अनुमति दी थी जो पिछले महीने यहां गिर गया था। सोमैया ने 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट कर यह भी दावा किया कि इगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड (जहां भिंडे निदेशक था) ने मुंबई के घाटकोपर और दादर इलाकों में दो दर्जन अवैध होर्डिंग लगाने के लिए विभिन्न रेलवे पुलिस और बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अधिकारियों को पांच करोड़ रुपये दिए थे। पूर्व भाजपा सांसद ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक पत्र लिखकर उनसे तत्कालीन राजकीय पुलिस आयुक्त कैसर खालिद को घाटकोपर होर्डिंग घोटाले के लिए निलंबित करने का अनुरोध किया।





## डोंबिवली की हाई प्रोफाइल सोसायटी में सुरक्षा गार्डों ने होटल संचालक को बेरहमी से पीटा

### मामला दर्ज

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के डोंबिवली खोनी पलावा की हाई प्रोफाइल सोसायटी एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां खाना पहुंचाने गए होटल के मालिक की सुरक्षा गार्डों ने लात-घूंसों से बेरहमी से पिटाई कर दी। जिसके बाद हंगामा मच गया। जानकारी के अनुसार ऑर्डर किया गया भोजन पार्सल ले जा रहे एक होटल संचालक को सुरक्षा गार्डों ने इमारत में प्रवेश करने से रोक दिया। विवाद के चलते सिक्योरिटी गार्ड और उसके साथियों ने होटल संचालक की लात-घूंसों से बेरहमी से पिटाई कर दी। होटल संचालक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हैरानी की बात यह है कि खाना ऑर्डर करने वाली महिला ने समझाने की कोशिश की, लेकिन उसके बाद भी सुरक्षा गार्डों ने उसकी पिटाई कर दी। इस मामले में होटल मालिक ने मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। इस शिकायत के मुताबिक पुलिस ने पिटाई करने वाले सुरक्षा गार्डों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सोसायटी के अंदर जाने को लेकर हुआ विवाद**

डोंबिवली के पास खोनी पलावा एक हाई प्रोफाइल सोसायटी है। अभिषेक जोशी का थालीवाली ढाबा नामक होटल पलावा से कुछ दूरी पर स्थित है। अभिषेक जोशी भी उसी पलावा सोसायटी की एक बिल्डिंग में रहते हैं। कल शाम करीब आठ बजे उनके पास पलावा की एक बिल्डिंग से फूड पार्सल के लिए कॉल आई।


## दिगांगना सूर्यवंशी ने मनीष हरीशंकर को भेजा मानहानि का नोटिस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** अभिनेत्री दिगांगना सूर्यवंशी ने वेब शो 'शोस्टॉपर' के निमार्ता/निर्देशक मनीष हरीशंकर द्वारा लगाए गए झूठे आरोपों को दृढ़ता से खारिज कर दिया है। दिगांगना ने मनीष हरीशंकर के खिलाफ मानहानि का मामला और पुलिस शिकायत दर्ज की है। मनीष ने पहले दिगांगना पर 'वसूली' और 'विश्वासघात' का आरोप लगाया था, लेकिन दिगांगना के खुलासे के बाद, यह सामने आया कि दिगांगना ने अक्षय कुमार की मंजूरी प्राप्त की थी कि वह एक व्यावसायिक सौदे के तहत शोस्टॉपर के लिए प्रस्तुतकर्ता के रूप में आएंगी, जिसे मनीष ने पूरा नहीं किया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

**आईपीसी धारा 420, 406, 509, 499, 500, 503, 506, 63, 199, 211 के तहत पुलिस दर्ज कराई शिकायत**



### दिगांगना ने अंततः कहा

मनीष की कहानी उसकी विकृत कल्पना है, यह सब असत्य है। यह सिर्फ नाम घसीटने का सस्ता प्रचार स्टंट है, स्पष्ट रूप से वह ऐसा बकरा खोजने की कोशिश कर रहा है जिससे वह शो को बेचने में असमर्थ होने के बाद बाहर निकल सके। मैं आगे समझाने में और समय बर्बाद नहीं करना चाहती, मैंने पहले ही उसे मदद करने में बहुत समय बर्बाद कर दिया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### पुतिन, किम और शी तीनों भाई-भाई !

**दुनिया** बदल रही है, पलट रही है और युद्धों में उलझ रही है। वही वह प्रजातंत्र और उसकी भाषा से दूर खिसक रही है। नतीजतन राईट (दक्षिणपंथ) को राईट (सही) साबित करने पर आमादा है। पुराने दोस्त, दोस्ती का लबादा ओढ़े जहां दुश्मनी निभा रहे हैं तो पुराने दुश्मनों में गलबहियां हो रही हैं। दुनिया के लिए, हम सबके लिए, खतरनाक लोग एक-दूसरे के करीब आ रहे हैं। उनकी सोच और इरादे एक से हैं इसलिए वे दोस्त बन नए गठबंधन बना रहे हैं। बुधवार की सुबह आप सब अपने मोबाइल की स्क्रीन पर देख सकेंगे कि एक से डीलडौल वाले उन दो उम्रदराज लोगों को, जो सोच और मिजाज में एक से हैं। तब उनके चेहरे और उनकी आँखें चमक रही होंगी। वे या तो एक दूसरे से गर्मजोशी से हाथ मिला रहे होंगे या गले मिल रहे होंगे। उनके नख से शिख तक दुष्टता टपक रही होगी। पश्चिम और सारी दुनिया के लिए उनका एक ही सन्देश होगा, हम से बच कर रहो। कल व्लादिमीर पुतिन अपने अजीज दोस्त, अपने प्यारे भाई की धरती प्योंगयांग पर होंगे। पुतिन पिछले 24 सालों में पहली बार उत्तर कोरिया जा रहे हैं। जाहिर है कि रूसी तानाशाह के शानदार स्वागत करने में उत्तर कोरिया का तानाशाह कोई कोरकसर बाकी नहीं रखेंगा। किम योंग यह नहीं भूले होंगे कि रूस की उनकी दो पिछले यात्राओं के दौरान पुतिन ने उनके लिए लाल कालीन बिछाया था। दोनों नेताओं को एक-दूसरे से जोड़ने वाला एक तार है। और यह तार उन्हें एक दूसरे का पूरक भी बनाता है। दोनों खलनायक हैं और इसलिए दोनों में अच्छी पटेगी। दूसरे, दोनों दुनिया से अलग-थलग है। इसलिए अपने अकेलेपन को दूर करने में एक-दूसरे के मददगार बन सकते हैं। दुनिया दोनों पर तरह-तरह के प्रतिबन्ध लगा कर परेशान कर रही है। ऐसे में भला वे मिलकर पलटवार क्यों न करें? उत्तर कोरिया में रूस के राजदूत एलेक्जेंडर मात्सगोर ने शायद भविष्य को ध्यान में रख कर ही कहा है कि यह साल दोनों देशों के बीच भागीदारी के नए आयाम स्थापित करेगा। पुतिन की यात्रा, नए आयाम कायम करने की दिशा में पहला कदम है। क्रेमलिन द्वारा जारी एक नोट के अनुसार, दोनों नेता एक दूसरे के साथ अनौपचारिक बातचीत में काफी समय बिताएंगे। वे दोनों देशों पर पश्चिम द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से निपटने के तरीकों और सुरक्षा व अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे।

# नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर कांग्रेसियों का विरोध प्रदर्शन

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग सीबीआई करे जांच

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बरेली।** नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर आज जिला कलेक्ट्रेट पर कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के तमाम सदस्य आज बरेली के जिला मुख्यालय पहूँचे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे बाजी करी। नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी के लिए सीबीआई जाँच की मांग उठाई। बरेली जिला कांग्रेस इकाई कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उपजिलाधिकारी उदित पवार को दिया। कांग्रेस पाधिकारियो ने यहां जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान



कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि नीट-यूजी 2024 परीक्षा में तकनीकी गड़बड़ियां, कदाचार और अनुचित साधनों का प्रयोग किया गया। प्रदर्शन में मौजूद कांग्रेस नेता जुनैद हसन एडवोकेटने कहा कि ये इस भ्रष्टाचार के कारण लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है। अभिभावकों के लाखों रुपए बर्बाद हो गए हैं। जिस कारण कई छात्र अवसाद में है और कईयों ने तो आत्महत्या कर ली है प्रदर्शन में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुरेशचंद बाल्मीकि ने इस परीक्षा धांधली को लेकर अपनी बात रखी उन्होंने कहा कि जिस तरह परीक्षा रद्द करने का फैसला शिक्षा प्रणाली में एक बड़े भ्रष्टाचार के तरफ जाता दिख रहा है और इसकी जांच सीबीआई करनी चाहिए। कमरुद्दीन सैफी ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री इस्तीफा देने की मांग की। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पाकीजा खान, प्रदीप जयसवाल, उल्फत सिंह कठेरिया, चंद्रपाल कश्यप, इमरान रजा एड, डॉ हफीज खान, इरशाद मंसूरी, जयराम कश्यप, गुड्डू खां, रुहाफ अहमद, आरिफ अंसारी, छेदालाल गुर्जर, रामपाल माली, नईम शेर,जाकिर अली, मोहनलाल आर्य आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# चुनाव प्रक्रिया में सफलता हो या न हों देशवासियों की सेवा के लिए मैदान हाज़िर है

## आज देश में लोक सभा चुनाव की होड़ लगी हुई है

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देश** की जनता को निर्सदेह इस बात का पता चल गया होगा कि देशवासियों में, देश के दरमियानी स्तर ही के नहीं बल्कि करोड़पति लोगों में भी अपनी सेवाएं देने की भावनाएं पाई जाती हैं, वो हाथों को जोड जोड कर जनता से वोट मांग रहें हैं। वास्तव में यह एक बहुत ही बड़ी नेकी भी है, और मानवीय सम्मान भी कि देश और देशवासियों की सेवा का जज्बा दिलों में हो , हमने देखा कि कोई यदि जेल में हैं या हासपिटल में ऐडमिट है, तो वहां भी उसे इस बात की चिंता है कि देशवासियों की सेवा करने हेतु वो चुनावी दंगल में उतर जाए है, लेकिन एक आश्चर्यजनक बात यह है कि इन सभी प्रतिनिधियों में बहुत थोड़े लोग ऐसे नजर आते हैं, कि जो चुनाव में सफलता प्राप्त करने के बाद , समाज में कुछ जनता के लिए काम करते हुए किसी को नजर आए हों। यदि हमारे इन उम्मीदवारों में वाकई कुछ करने की इच्छा है तो वे चुन कर आएं न आएं तब भी किसी न किसी प्रकार की जनता के लिए अपनी सेवाएं दे सकते हैं, और अब भी कुछ नहीं बिगड़ा उन लोगों ने आगे बढ़ कर जनता की समस्याओं का समाधान करते रहना चाहिए , क्यों कि जो लोग सत्ता में रहते हैं, वो फिर जनता के बीच में कम ही नजर आते हैं , चुनाव के समय तो बड़े बड़े लोगों को सड़कों पर देखा गया, और जनता के सामने हाथ जोड़ कर वोट भी मांगें गए, यह बात कि किस ने किस को वोट दिया गोपनीय रहती है, इस लिए रहती है कि उम्मीदवारों को यह मालूम न हो कि किस ने वोट दिया और किसने नहीं दिया, ताकि चुनाव में सफलता प्राप्त करने के बाद वो अब सब के हैं, उन में जनता के बीच किसी प्रकार का भेदभाव न रहे, और जनता को भी यह देखना चाहिए कि देश और देशवासियों के हितों का लोकसभा सदस्य ध्यान रखते हैं या नहीं, अफसोस की बात तो यह है कि जनता द्वारा चुन कर आने के पश्चात उन की हालत ही बदल जाती है, उन की भाषा और उन की आसमानों पर उड़ानों को देख कर, लगता है कि अब देश की जनता और उन का संबंध इतना ही रह गया है कि , जनता उनके भाषण सुनती रहे, बल्कि अब तो यह भी देखने में आ रहा है कि कोई उन पर टिका भी न करें। फिर टिका करने वालों की खैर नहीं, और यदि उन की हर बात की सराहना की जाए तो वो उन पत्रकारों पर भी बड़े मेहरबान, इसलिए चुनाव प्रक्रिया का उद्देश्य ही बदल चुका है, रहा जनता के मामलात उन की समस्याएं तो इस के लिए एन जी वोज हैं , और वाकई कुछ एनजीओ और कुछ लोग जनता के लिए उन की समस्याओं के समाधान के लिए ऐसे जुटे रहते हैं कि मानों वो किसी जॉब पर रहकर काम कर रहे हों, एम . एल. ए . या एम .पी , हजरात से ज्यादा जनता में पापुलर यह लोग होते हैं। अब जो लोग मौजूदा चुनावी दंगल में उतर गये थे, यदि वाकई उन्हें अपने देश और देशवासियों की चिन्ता है, वो इन के लिए कुछ करना चाहते हैं, तो उन के लिए यह कार्य करने का मैदान खुला है। अगर ऐसा होने लगे तो फिर जनता के बीच रहकर निस्वार्थ काम करने वालों को जनता ही चुनाव में भाग लेने केलिए मजबूर करेगी , और चुन कर भी लाएगी। तब यह भी हो सकता है कि इस तरह के जनता के दिलों को जीतने वाले और जनता के सच्चे सहायक मैदान में उतारे जाएं तो इन से कोई मुकाबले की हिम्मत न करें ,और इन के हक में लोग फार्म भरने के बाद भी अपना नाम वापस लें ,बस हम चाहते हैं कि जिन लोगों के दिलों में जनता से प्यार है और देशहित में वो कुछ करना चाहते हैं, समाज सुधार और समाज के विकास की भावना दिलों में है, तो चुनाव में सफल हों या न हों, उन के लिए काम करने के लिए मैदान हाज़िर है।

**मोहम्मद इब्राहिम खान आकोट**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# कांग्रेसियों ने बांद्रा में हर्षोल्हास के साथ मनाया जननायक राहुल गांधी का जन्मदिन

## सांसद वषार्ताई गायकवाड और गणमान्य नेताओ का किया भव्य सत्कार

**मुंबई।** रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद, देश के जननायक, कुशाग्र बुद्धि के युवा राजनेता, भारत जोड़ो यात्रा के प्रणेता श्री राहुल गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर नवनिर्वाचित सांसद वषार्ताई गायकवाड के नेतृत्व में बांद्रा के एम आय जी हॉल में बाद्रा विधानसभा के प्रभारी एंव महाराष्ट्र प्रदेश कॉंग्रेस के सरचिटणिस एंव प्रवक्ता सचिन सावंत ने जननायक सांसद राहुल गांधी जी के जन्मदिन के कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिस में इंडिया महाविकास आघाडी के गणमान्य जिसमे मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा कि नवनिर्वाचति सांसद वषार्ताई गायकवाड, विरोधी पक्षनेता विजय वडेट्टीवार, माजी मंत्री विधायक असलम शेख, महाराष्ट्र मॉयनॉरिटी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एंव विधायक डॉ. वजाहत मिर्झा, शिवसेना के विधायक अनिल परब, माजी खासदार हुसैन ने अपनी मौजुदगी दशार्यी. सांसद वषार्ताई गायकवाड ने राहुल गांधी के जन्मदिन का के काटा और सभी गणमान्य नेता कार्यकर्ताओ को एक दूसरे को राहुल गांधी के जन्मदिन कि खुशीयॉ बांटी. बांद्रा में जननायक सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर, मुंबई ने उस प्यार और खुशी को फैलाने का फैसला किया। बांद्रा से डॉ. ई बोर्जेस मेमोरियल होम (टाटा मेमोरियल अस्पताल से जुड़ा हुआ) में 'मोहब्बत की दुकान' का आयोजन किया, राहुलजी का जन्मदिन मनाया और कैंसर से जूझ रहे युवा और बुजुर्ग रोगियों को आवश्यक सामान और खिलौने



वितरित किए। लचीलेपन, करुणा और प्रेम के बारे में हमारे लिए बहुत कुछ है इन शिक्षण लोगों के साथ समय बिताना सम्मान और खुशी की बात थी। महापुरुष, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का मानना था कि शिक्षा व्यक्ति, समाज के उत्थान का साधन है और लोकतंत्र में समानता प्राप्त करने का साधन है । इसलिए सामाजिक न्याय कांग्रेस की विचारधारा और राजनीति के मूल में है और राहुल जी इस पर दृढ़ता से विश्वास करते हैं। उनके जन्मदिन के अवसर पर, कॉंग्रेसीयों ने बांद्रा में अपने तालुका में कार्यालय ने वंचित बच्चों के बीच ज्ञान की खुशी फैलाने के लिए एक नोटबुक वितरण समारोह भी आयोजित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक बाद्रा विधानसभा के प्रभारी एंव महाराष्ट्र प्रदेश कॉंग्रेस के सरचिटणिस एंव प्रवक्ता सचिन सावंत और उनके सहयोगी फजल सौदागर ने काफी मेहनत कि. सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन के कार्यक्रम का बांद्रा के एम आय जी हॉल में आयोजन किया था. जिसमे मुंबई उत्तर मध्य लोक सभा कि नवनिर्वाचति सांसद वषार्ताई गायकवाड, विरोधी पक्षनेता विजय वडेट्टीवार, माजी मंत्री विधायक असलम शेख, महाराष्ट्र मॉयनॉरिटी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एंव विधायक डॉ. वजाहत मिर्झा, शिवसेना के विधायक अनिल परब, माजी खासदार हुसैन दलवाई इन नेताओ के मौजुदगी में राहुल गांधी का जन्मदिन हर्षोल्हास के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर नवर्विाचित सांसद वषार्ताई गायकवाड का कार्यक्रम के आयोजक बाद्रा विधानसभा के प्रभारी एंव महाराष्ट्र प्रदेश कॉंग्रेस के सरचिटणिस एंव प्रवक्ता सचिन सावंत ने महाविकास आघाडी के सभी नेता पदाधिकारी विधायक अनिल परब, विरोधी पक्षनेता विजय वडेट्टीवार, माजी मंत्री एंव विधायक असलम शेख, विधायक वजाहत मिर्झा, माजी खासदार हुसैन दलवाई इनकि मौजुदगी मे सांसद वषार्ताई गायकवाड का एक बडा शानदार सत्कार किया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह भव्य तरीके से संपन्न



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** दिनांक 21.6.2024 दसवा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह भव्य तरीके से संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र मुंबई एवं खेल क्रीडा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत उनके संयुक्त तत्वाधान में द ह्यूमन योग वर्ली मुंबई के बैनर तले यह कार्यक्रम का भव्य रूप से संपन्न। नेशनल प्रेसिडेंट एवं अंतर्राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट श्री योग ग्रैंडमास्टर योग गुरु राधेश्याम जयसवार जी के माध्यम से यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती वैशाली शिंदे पुलिस उप आयुक्त वर्ली, सशस्त्र पुलिस वर्ली ल विभाग ३ राखीव पुलिस निरीक्षक श्री विष्णु पार्कर सशस्त्र पुलिस वर्ली ल विभाग 3, पुलिस निरीक्षक पहाजी बनसोडे. सशस्त्र पुलिस वाली भाग 3 रांची पुलिस उप निरीक्षक श्री मुकेश कुमार सुखदेव. पुलिस हवलदार सरजीत सिंह सातवें. पुलिस हवलदार विनायक कुंभार. पुलिस हवलदार दीपक खरत. वह सभी अधिकारी अमाल्दार सशस्त्र पुलिस वर्ली ल विभाग 3 वर्ली सभी पुलिसकर्मियों के मदद से यह कार्यक्रम का आयोजन भव्य तरीके से किया गया कार्यक्रम में स्पेशल चीफ गेस्ट के रूप में लोकप्रिय सिंगर श्री रूप कुमार राठौर लोकप्रिय गायिका श्रीमती सोनाली राठौर जी, लोकप्रिय एक्शन डायरेक्टर श्री टीनू वर्मा साहब कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित हुई महाराष्ट्र और गोवा राज्य के रीजनल डायरेक्टर श्री माननीय प्रकाश मनोरे साहेब. कार्यक्रम का मुख्य आधार निशांत रौतेला जिनकी उपस्थिति नहीं हुई कार्यक्रम में वह नेहरू युवा केंद्र मुंबई के ऊड पद पर है निशांत रौतेला सर के माध्यम से यह कार्यक्रम को संबोधित किया गया। कार्यक्रम को रूपरेखा शुरू से अंत तक योग गुरु राधेश्याम जयसवार जी के अंतर्गत सहयोगी योग टीचर सोनाली दिनकर दिव्या, दिलीप घूरव, रेशमा मंगेश सेलार सुधा सिसोदिया सभी योग प्रशिकशोने अपने अंदाज में बहुत ही बढ़िया योग का ज्ञान दिया। कार्यक्रम में सहयोगी माजी नगर सेवक श्री दत्तू नरवरकर श्री दीपक सावंत श्रीमती कोकिला प्रशांत झावेरी कार्यक्रम को वॉलंटरी बड़ी अच्छी तरीके से शुरू से अंत तक सहयोगी रहे हमारे शह अधिकारी द ह्यूमन योगा फाऊंडेशन वर्ली मुंबई के सहकारी गेस्ट श्रीमती मनीषा टेमकर संस्थापिका मॅक क्रिएशन फाऊंडेशन, माननीय प्रशांत जाधव, राहुल भारती, प्रसाद एलीगेटी, हर साल की तरह इस साल भी योग गुरु राधेश्याम जयसवार जी पिछले 10 सालों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे। योग का प्रचार प्रसार बहुत ही अच्छी तरीके से द ह्यूमन योगा फाऊंडेशन वर्ली मुंबई करता आया है। वह सोशल कार्यों में सबसे आगे हैं युवाओं को उनका मार्गदर्शन हरदम बना रहता है, और युवाओं को योग प्रशिक्षक बनाकर उनको रोजगार देने का कार्य निस्वार्थ भावना से पिछले कई सालों से उनके फाउंडेशन के माध्यम से कररहे है, दसवांअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में जुड़ने के लिए सबका आभार योग गुरु राधेश्याम जयसवार जय हिंद जय भारत जय महाराष्ट्र जय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस।

# भाजपाइयों ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मनाया बलिदान दिवस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** महान शिक्षाविद एवं चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को रविवार को भाजपाईयों ने प्रत्येक बूथ पर बलिदान दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर भाजपाईयों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। बूथ संख्या 27 पर आयोजित बलिदान दिवस कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष विकास दुबे ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि महान राष्ट्रभक्त व हम सभी के पथ प्रदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का उद्घोष कर भारत की एकता व अखंडता की अक्षुण्णता को प्रखर स्वर प्रदान किया। भारत की अखंडता के लिए उनके बलिदान और संघर्ष ने कश्मीर और बंगाल को देश का अभिन्न अंग बनाए रखा। डा. मुखर्जी ने अपनी दूरदर्शी सोच से देश में



शिक्षा, स्वास्थ्य व औद्योगिक विकास की मजबूत नींव रखने और सामरिक दृष्टि से भारत को सशक्त बनाने में अहम योगदान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गौरव तिवारी ने की। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। प्रमुख रूप से प्रकाश वीर आर्य, राजेश श्रीवास्तव,देवेंद्र सब्बरवाल, राजेश बाजपेई एडवोकेट, डा. समरदीप पांडे,मनोज पाल ,धर्मेंद्र राय,आयुष दीक्षित,एवं विनय मालवीय आदि रहे।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

# दिगांगना सूर्यवंशी ने मनीष हरीशंकर को भेजा मानहानि का नोटिस

**दिगांगना के वकील, राजेंद्र मिश्रा ने भी एक कड़ा बयान जारी किया**

हम आधिकारिक रूप से यह कहना चाहेंगे कि हमारी मुवक्किल दिगांगना के खिलाफ लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह से निराधार हैं और किसी की आपराधिक मंशा का परिणाम हैं और अपनी कमियों को छुपाने का प्रयास हैं। हमारी मुवक्किल ने मनीष को 7 साल से जाना है और वह उनकी सीरीज 'शोस्टॉपर' की अभिनेत्री हैं, जब मनीष ऐसी स्थिति में था जहाँ वह खुद की मदद नहीं कर सकता था, उसने हमारी मुवक्किल से मदद मांगी और एक व्यावसायिक सौदा प्रस्तावित किया जहाँ उनकी टीम ने मनीष और हमारी मुवक्किल के बीच एक एमओयू निष्पादित किया। आश्चर्यजनक रूप से, मनीष हरीशंकर नहीं समझता कि कानूनी बाध्यता में वसूली नहीं होती है; इसे व्यापार कहा जाता है। एमओयू के नियमों के तहत हमारी मुवक्किल ने एक प्रस्तुतकर्ता को बोर्ड पर लाया और अपने पक्ष की प्रतिबद्धता का सम्मान किया। हमारी मुवक्किल ने प्रस्तुतकर्ता को एपिसोड्स दिखाए, प्रस्तुतकर्ता को एपिसोड्स पसंद नहीं आए लेकिन फिर मनीष ने हमारी मुवक्किल को प्रस्तावित किया कि वह प्रस्तुतकर्ता की संतुष्टि के लिए सभी रचनात्मक परिवर्तन करेगा। तभी हमारी मुवक्किल ने प्रस्तुतकर्ता से आगे अनुरोध किया और शो को पुनः संपादित करने के बाद (जिसके लिए हमारी मुवक्किल ने एडिट सूट में 4 दिन बिताए) प्रस्तुतकर्ता ने एपिसोड्स देखे और शो प्रस्तुत करने के लिए सहमति व्यक्त की, हालांकि अभी भी बहुत सारे परिवर्तन आवश्यक थे, लेकिन मनीष ने उन्हें उनके समझौते के बाद ठीक करने का वादा किया। मनीष को पुष्टि के रूप में एक मोटे मसौदा अनुबंध दिया गया था, मसौदा में कई परिवर्तन करने थे जो पहले ही मनीष को सूचित कर दिए गए थे। मनीष ने भुगतान समयरेखा की प्रतिबद्धता की और समयसीमा को तीन बार असफल किया! हमारी मुवक्किल को यह महसूस हुआ कि मनीष के पास सौदे को पूरा करने के लिए धन में समस्याएं थीं, उसके फाइनेंसर ने उससे सभी अन्य फाइनेंसरों के एनओसी या अनुबंध प्रदान करने को कहा था यदि उसे और अधिक धन चाहिए, और मनीष अपने फाइनेंसर को वह प्रदान नहीं कर सका, जिसके कारण कोई पैसा जारी नहीं किया गया और सौदा रद्द कर दिया गया। हमारी मुवक्किल ने प्रस्तुतकर्ता सौदे के लिए मनीष से एक भी पैसा नहीं लिया है। उसने दावा किया कि हमारी मुवक्किल ने केवल उसके संपादक के साथ यात्रा की थी, फिर से असत्य, हमारी मुवक्किल ने अपनी मां और मनीष के संपादक के साथ यात्रा की थी। एपिसोड्स हमारी मुवक्किल, उसकी मां, प्रस्तुतकर्ता और प्रस्तुतकर्ता की टीम की उपस्थिति में देखे गए थे। किसी भी अन्य दावे का उद्देश्य केवल हमारी मुवक्किल की प्रतिष्ठा को खराब करना है। वह आईपैड जो मनीष का दावा है कि वह हमारी मुवक्किल के पास है, वह अच्छी तरह से जानता था कि आईपैड हमारी मुवक्किल के पास नहीं है। वास्तव में, हमारी मुवक्किल ने टीम से आईपैड वापस प्राप्त किया था और मनीष को इसे लेने का संदेश भेजा था। मनीष ने अब तक इसे नहीं लिया है, हमें आश्चर्य है कि इतनी अधिक ड्रामा क्यों। वह दावा करता है कि हमारी मुवक्किल ने प्रस्तुतकर्ता से कोई संपर्क स्थापित नहीं किया - यह असत्य है क्योंकि प्रस्तुतकर्ता की टीम मनीष के कार्यालय गई थी, उसके संपादक ने प्रस्तुतकर्ता से मुलाकात की थी। जब मनीष ने सौदे के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक धन की व्यवस्था नहीं कर सका, तो उसने अचानक से प्रस्तुतकर्ता से मिलने का अनुरोध किया और हमारी मुवक्किल ने महसूस किया कि वह केवल झूठे दावे कर रहा है और यह जानने के बाद उसे प्रस्तुत करने में शर्मिंदगी होगी कि सौदा असफल हो रहा है। मनीष ने हमारी मुवक्किल के नाम पर झूठे उद्धरण फैलाए, उसकी प्रतिष्ठा को धूमिल किया, मीडिया में झूठे दावे किए, व्यावसायिक सौदे का प्रस्ताव लीक किया, बिना धन होने की प्रतिबद्धता के साथ झूठा एमओयू पर हस्ताक्षर किए, एमओयू वापस नहीं किया, मनीष ने हमारी मुवक्किल के अभिनेताओं की फीस का भुगतान नहीं किया जबकि उसने झूठा दावा किया कि उसने किया है, वास्तव में हमारी मुवक्किल के स्टाफ को भुगतान नहीं किया गया है, हमारी मुवक्किल को बदनाम किया, उसकी घर का पता लीक किया, उसे जानबूझकर एक स्थिति में फंसा दिया और भी बहुत कुछ। हमने उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 509, 406, 420, 499, 500, 503, 506, 63, 199, 211 के तहत पुलिस शिकायत दर्ज की है। हमने उसे मानहानि का नोटिस भी भेजा है। मनीष के विपरीत, हमारे पास सभी पारदर्शी संचार का सबूत है। मनीष स्पष्ट रूप से गलत है और झूठी जानकारी फैलाने की हिम्मत करता है।

## खबर संक्षेप

### चिनैनी के जंगलों में दिखे संदिग्ध, इलाका घेरा



**जम्मू।** जम्मू संभाग के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पटनीटॉप के समीपवर्ती चिनैनी के करलाह के जंगलों में संदिग्ध देखे जाने की सूचना के बाद सुरक्षा कर्मियों तलाशी अभियान चलाया। इससे पहले पूरे क्षेत्र की घेराबंदी की गई। जम्मू संभाग में रविवार को दो जगहों पर तलाशी अभियान चलाया गया। इसके साथ ही अन्य इलाकों में भी आतंकियों की तलाश में अभियान चल रहा है।

### श्रीलंका में 18 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार



**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और मछली पकड़ने वाली उनकी तीन नौकाओं को जब्त कर लिया है। मछुआरों को शनिवार रात चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान डेल्फ्ट द्वीप के पास उत्तरी सागर से गिरफ्तार किया गया।

भारत और संयुक्त अरब के विदेश मंत्रियों के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी

# संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर जयशंकर, मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इसी के तहत उन्होंने अबू धाबी में भारत द्वारा बनाए गए बीएपीएस मंदिर का दौरा किया। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आज अबू धाबी में बीएपीएस हिन्दू मंदिर का दौरा करके धन्य हो गया। यह भारत-यूएई का एक प्रत्यक्ष प्रतीक है, तथा विश्व को एक सकारात्मक संदेश देता है। इसके अलावा यह दोनों देशों के बीच एक सच्चा सांस्कृतिक सेतु है। वहीं, विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूएई की इस यात्रा में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों के बीच द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी। इसके साथ ही दोनों गाजा की समूची स्थिति पर भी विचार-विमर्श कर सकते हैं। एस.जयशंकर की यह यात्रा उन्हें दोनों देशों के बीच स्थापित व्यापक सामरिक भागीदारी की समीक्षा करने का भी एक अवसर प्रदान करेगी। दोनों पक्ष क्षेत्रीय और वैश्विक विषयों पर भी वार्ता के दौरान चर्चा करेंगे। भारत- यूएई के बीच 2022 में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। एफडीआई के मामले में निवेश को लेकर यूएई भारत के शीर्ष चौर बड़े भागीदारों में शामिल है।

*"जयशंकर की यात्रा भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक विकास की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी"*



पिछले साल उज्बेकिस्तान में हुआ था एससीओ शिखर सम्मेलन (फाइल फोटो)

### एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे पीएम मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर होंगे शामिल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने कजाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। उनकी जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर के शामिल होने की उम्मीद है। बता दे कि मोदी ने 3-4 जुलाई को होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए अस्ताना नहीं जाने का फैसला किया है। हालांकि, उन्होंने पहले ये कंफर्म किया था कि वो एससीओ सिक्योरिटी समिट के लिए कजाकिस्तान जाएंगे। इसके चलते उनकी एडवांस सिक्योरिटी टीम ने अस्ताना जाकर वहां सुरक्षा का जायजा भी लिया था। दरअसल, एससीओ मध्य एशिया में शांति और सभी देशों के बीच सहयोग बनाए रखने के लिए बनाया गया संगठन है।

### चीन-पाक पर लगाम, सेंट्रल एशिया पर नजर, भारत के लिए जरूरी

**संसद का सत्र बना कारण**

पीएम मोदी ने एससीओ में शामिल नहीं होने का फैसला आगामी संसद सत्र के चलते लिया है। जो 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव और दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण के अलावा, माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री 2 से 4 जुलाई के बीच लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देंगे।

- एससीओ भारत को आतंकवाद से लड़ाई और सिक्योरिटी से जुड़े मुद्दे पर अपनी बात मजबूती से रखने के लिए एक मजबूत मंच उपलब्ध कराता है।
- एक्सपट्‌र्स के मुताबिक, एससीओ को लेकर भारत की तीन प्रमुख पॉलिसी हैं
- रूस से संबंध मजबूत करना
- पड़ोसी देशों चीन और पाकिस्तान के दबदबे पर लगाम और जवाब देना
- सेंट्रल एशियाई देशों के साथ सहयोग बढ़ाना
- एससीओ से जुड़ने में भारत का एक प्रमुख लक्ष्य इसके सेंट्रल एशियाई रिपब्लिक यानी -सीएआर के 4 सदस्यों- कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान से आर्थिक संबंध मजबूत करना है।
- इन देशों के साथ कनेक्टिविटी की कमी और चीन के इस इलाके में दबदबे की वजह से भारत के लिए ऐसा करने में मुश्किलें आती रही हैं।
- 2017 में एससीओ से जुड़ने के बाद इन सेंट्रल एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार में तेजी आई है। 2017-18 में भारत का इन चार देशों से व्यापार 11 हजार करोड़ रुपए का था, जो 2019-20 में बढ़कर 21 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया।
- भारतीय सरकारी और प्राइवेट कंपनियों ने इन देशों में गोल्ड माइनिंग, यूरेनियम, बिजली और एग्रो-प्रोसेसिंग यूनिट्स में निवेश भी किया।
- स-ेंट्रल एशिया में दुनिया के कच्चे तेल और गैस का करीब 45% भंडार मौजूद है। इसलिए भी ये देश भारत की एनर्जी जरूरतों को पूरा करने के लिए आने वालों सालों में अहम हैं।

अर्धसैनिक बल की गाड़ी को नक्सलियों ने बनाया निशाना

# सुकमा में सीआरपीएफ के दो जवान हुए शहीद



मुंबई हलचल / रायपुर

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा आईईडी ब्लास्ट किया गया है। जवानों की मूवमेंट के बीच नक्सलियों द्वारा सिलगेर इलाके में आईईडी ब्लास्ट किया गया है। नक्सलियों ने जवानों के ट्रक को निशाना बनाकर विस्फोट किया। इस घटना में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गए हैं जबकि कई जवानों के घायल होने की खबर है। सुकमा के एसपी किरण चव्हाण ने की घटना की पुष्टि की है। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जगरगुण्डा क्षेत्र के अंतर्गत कैम्प सिलगेर से 201 कोबरा वाहिनी की एडवांस पार्टी आरओपी ड्यूटी के दौरान कैम्प टेकलगुड़ेम जा रही थी। काफिले में ट्रक और मोटर साइकल शामिल था। कैम्प सिलगेर से टेकलगुड़ेम जाने के रास्ते में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नियत से आईईडी प्लांट किया गया था।

### आईईटी की चपेट में आए ड्राइवर और सह-चालक

जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों के मूवमेंट के दौरान आज रविवार को करीब तीन बजे आईईडी की चपेट में 201 कोबरा वाहिनी का ट्रक आ गया। जिसमें एक ट्रक चालक और सहचालक जवान मौके पर शहीद हो गए। बाकी सभी जवान सुरक्षित हैं। शहीद जवान का नाम विष्णु आर और शैलेन्द्र बताया जा रहा है। शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को घटना स्थल से निकाला जा रहा है।

### सुकमा में बरामद किए गए हैं नकली नोट

*सुकमा के जंगल में पुलिस, सीआरपीएफ और डीआरजी की टीम ने नकली नोट और प्रिंटर मशीन बरामद की है। हथियार भी जब्त किए गए हैं, नक्सली ग्रामीणों को झांसा देकर बाजार में नकली नोट खपा रहे थे। सर्च ऑपरेशन सुकमा के कोरागुड़ा इलाके में चलाया गया था जो कि घोर नक्सल प्रभावित इलाका है। छापे के दौरान 100, 200 और 500 के नकली नोट और प्रिंटर मशीन भी मिली।*

होटल में महिला सिपाही के साथ पकड़े जाने पर हुआ डिमोशन

# उन्नाव के डिप्टी एसपी को बना दिया कॉन्स्टेबल, गोरखपुर पीएसी भेजे गए



मुंबई हलचल / उन्नाव

उत्तर प्रदेश के उन्नाव में डिप्टी एसपी रहे कृपा शंकर कनौजिया को एक गलती भारी पड़ गई और वो अब अधिकारी से सीधे सिपाही बना दिए गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक कृपा शंकर कनौजिया ने 6 जुलाई 2021 को उन्नाव के एसपी से पारिवारिक वजहों से छुट्टी मांगी थी। इसके बाद वो जुलाई 2021 से ही लापता हो गए थे और बाद में पता चला कि छुट्टी मंजूर होने के बाद वो घर जाने की बजाय कहीं और चले गए थे।

सीओ कनौजिया को एक महिला सिपाही के साथ होटल में पकड़ा गया था। रिपोर्ट के मुताबिक उस दौरान उन्होंने कानपुर के एक होटल में चेकइन किया था और महिला सिपाही भी उनके साथ थी। इस दौरान सीओ ने अपने प्राइवेट और सरकारी, दोनों मोबाइल नंबर बंद कर दिया था।

वहीं दूसरी तरफ सीओ कृपा शंकर का नंबर बंद आने की वजह से जब परेशान पत्नी ने जानकारी हासिल की तो उन्हें पता चला कि उसके पति छुट्टी लेकर घर के लिए निकले थे लेकिन पहुंचे नहीं। इस पर पत्नी ने एसपी उन्नाव को फोन करके मदद मांगी थी।

### पत्नी की शिकायत पर एसपी ने की जांच तो खुल गया भेद


किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए उन्नाव के एसपी ने सीओ कृपा शंकर का पता लगाने के लिए सर्विलांस टीम को काम पर लगाया। इसी दौरान पता चला कि सीओ कृपा शंकर कनौजिया का मोबाइल नेटवर्क कानपुर में एक होटल में आकर बंद हुआ था। उन्नाव पुलिस कानपुर के उस होटल में पहुंची, जहां सीओ की लोकेशन पता चली थी। पुलिसकर्मियों ने जांच की तो कानपुर के होटल में सीओ और महिला सिपाही एक साथ मिले। बताया जा रहा है कि सबूत के तौर पर उन्नाव पुलिस सीओ से जुड़े वीडियो अपने साथ ले गई थी। होटल में एंट्री करते समय सीओ और महिला सिपाही सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुए थे।

समुद्र की निगरानी होगी अचूक

# दुश्मनों की खैर नहीं, 4 तापस ड्रोन खरीदेगी भारतीय नौसेना

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय सेना देश के भीतर बने वेपन सिस्टम को लगातार बढ़ावा देने में जुटी है। इसी कड़ी में नेवी अब डीआरडीओ की ओर से निर्मित 4 तापस ड्रोन के लिए ऑर्डर देने को तैयार है। नौसेना समुद्री क्षेत्र पर निगरानी के लिए इन ड्रोन का इस्तेमाल कर सकती है। रक्षा अधिकारियों ने बताया, 'भारतीय नौसेना चार तापस ड्रोन का ऑर्डर देने जा रही है।



### 28,000 फीट की ऊंचाई तक पहुंचने में कामयाब

*तापस ड्रोन का ट्रायल रक्षा बलों की ओर से किया गया है। इन परीक्षणों के दौरान वे 28,000 फीट की ऊंचाई तक पहुंचने में कामयाब रहे और 18 घंटे से अधिक समय तक उड़ सकते थे।*

नासा का दावा 12 जुलाई 2038 तक पृथ्वी से टकराने की 72% संभावना

# सावधान! धरती की तरफ तेजी से बढ़ रहा है डरावना ऐस्टरॉइड

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जानकारी दी है कि एक खतरनाक क्षुद्रग्रह यानी ऐस्टरॉइड के पृथ्वी से टकराने की प्रबल सांभावना है। नासा ने कहा है कि संभावित रूप से खतरनाक क्षुद्रग्रह के पृथ्वी से टकराने की 72% संभावना है। नासा ने इसके साथ ये भी कहा है कि हम इसे रोकने के लिए पर्याप्त रूप से तैयार नहीं हो सकते हैं। असल में ऐस्टरॉइड या क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े होते हैं। चार मीटर व्यास वाले लगभग आधा अरब ऐस्टरॉइड सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं।





### कब धरती से टकरा सकता है ऐस्टरॉइड

*वाशिंगटन में नासा मुख्यालय में ग्रह रक्षा अधिकारी एमेरिटस लिंडले जॉनसन ने कहा, एक बड़ा ऐस्टरॉइड प्रभाव संभावित रूप से प्राकृतिक आपदा है, जिसके बारे में इंसान के पास वर्षों पहले भविष्यवाणी करने की तकनीक तो है लेकिन इसे कैसे रोका जाए, इसपर खोज करने की जरूरत है। इसके लिए नासा नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट सर्वेयर (ठएड सर्वेयर) विकसित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर लगभग 14 सालों में पृथ्वी से टकराने की ऐस्टरॉइड की 72% संभावना थी। सटीक रूप से कहें तो 12 जुलाई 2038 तक पृथ्वी से ऐस्टरॉइड के टकराने की उम्मीद है। सटीक रूप से कहें तो 12 जुलाई 2038 तक पृथ्वी से टकराने की 72% संभावना है।*

### नासा का पांचवा अभ्यास सत्र

नासा की की एक आधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक, नासा ने अप्रैल में पांचवां प्लैनेटरी डिफेंस इंटरएजेंसी टेबलटॉप का एक अभ्यास आयोजित किया था। अब 20 जून को नासा ने मैरीलैंड के लॉरेल में जॉन्स हॉपकिन्स एप्लाइड फिजिक्स लेबोरेटरी (एपीएल) में आयोजित अभ्यास का सारांश जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि इस दौरान इस क्षुद्रग्रह के टकराने की संभावना 72 प्रतिशत है।

# अकबरपुर में ले डूबा अति उत्साह, गठबंधन से पहले थी राहुल गांधी के करीबी नीतम को लड़ाने की तैयारी

**कानपुर।** कानपुर और अकबरपुर में भारतीय जनता पार्टी से हुई पराजय को इंडी गठबंधन पचा नहीं पा रहा है। इस बारे में पार्टी के पुराने और समर्पित माने जाने वाले कार्यकर्ताओं और नेताओं की माने तो अकबरपुर में भाजपा से गठबंधन की प्रत्याशी राजा रामपाल की पराजय कारण उनका अति उत्साह ही रहा। ... और सूत्रों के मुताबिक गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल की पराजय की दूसरी सबसे बड़ी वजह बहुत कमजोर बूथ प्रबंधन,जिसकी सत्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अकबरपुर के लगभग 30% से भी ज्यादा मतदान बूथों पर एजेंटों की नियुक्ति ही नहीं की गई थी। साथ ही अनेक मतदान केंद्रों पर बस्ते ही नहीं लगाए गए थे। जबकि भाजपा का बूथ प्रबंधन हर दृष्टिकोण से बहुत मजबूत था। शायद गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल और उनके



सलाहकार समर्थकों को पूरा यकीन था कि वह कुछ भी ना करें तब भी वह अकबरपुर की सीट अवश्य ही जीत जाएंगे, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। कुल मिलाकर गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल के जीत को लेकर अति उत्साह ,वोटरों और समर्पित पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा बूथों पर बिल्कुल ही ध्यान नहीं देना। यहां तक की एजेंट भी नहीं नियुक्त करना और बस्ते भी नहीं लगवाना ही उनकी पराजय का कारण बन गई। और काफी कुछ लगभग यही हाल कानपुर लोकसभा सीट का भी रहा ,जहां से गठबंधन के कांग्रेस से प्रत्याशी आलोक मिश्रा मैदान में थे।

अकबरपुर और कानपुर लोकसभा सीट पर हार जीत में वोटों का अंतर भी यही साबित करता है कि राजाराम पाल और आलोक मिश्रा की पराजय का कारण कोई और नहीं बल्कि वह खुद ही हैं। अगर भारतीय जनता पार्टी की तरह राजा रामपाल और आलोक मिश्रा जीत को लेकर अति विस्वास से अति उत्साहित नहीं होते। बूथों पर पर्याप्त ध्यान दिया होता। जीतने के लिए फर्जी वोटिंग के खिलाफ हर बूथ पर एजेंट नियुक्त किया होता। सभी जगह बस्ते लगवाये होते, जातीय गणित के हिसाब से मतदाताओं की उपेक्षा नहीं की होती। उनसे संपर्क किया होता तो दोनों ही सीटों पर परिणाम इंडी गठबंधन के ही पक्ष में होते।

# उत्तराखंड में मौसम ने ली करवट, दून में झमाझम बारिश

मुंबई हलचल/संवाददाता



**देहरादून।** दून में रविवार को सुबह से ही बादलों की आंख-मिचौनी चलती रही। दोपहर बाद घने बादलों ने डेरा डाला और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हुई। जिससे पारे में गिरावट दर्ज की गई और शाम को मौसम सुहावना हो गया। आसपास के क्षेत्रों में तीन दिन से हल्की वर्षा के कई दौर हो चुके हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आज प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में आंशिक से आमतौर पर बादल छाये रहने के आसार हैं। गरज-चमक के साथ देहरादून, पौड़ी, नैनीताल, टिहरी, अल्मोड़ा, चंपावत, पिथौरागढ़, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी में वर्षा के तीव्र दौर हो सकते हैं। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। ज्यादातर क्षेत्रों में बादल मंडरा रहे हैं और कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बौछारों का दौर जारी है। दून समेत आसपास के क्षेत्रों में रविवार को दोपहर बाद गरज-चमक के साथ झमाझम वर्षा हुई। जिससे पारे में गिरावट दर्ज की गई। इस माह पहली बार दून का अधिकतम तापमान सामान्य हुआ है। वहीं प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में बीते तीन से भीषण गर्मी से राहत है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, आज प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बादल छाये रह सकते हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने और निचले इलाकों में कहीं-कहीं बौछार और झोंकेदार हवाएं चलने की आशंका है। इसके साथ ही अगले चार दिन ज्यादातर क्षेत्रों में वर्षा के तीव्र दौर हो सकते हैं। आकाशीय बिजली चमकने और झोंकेदार हवाएं चलने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने उत्तराखंड में मानसून पहुंचने को लेकर परिस्थितियां अनुकूल बताई हैं और अगले तीन दिन में मानसून दस्तक दे सकता है।

# उत्तराखंड के इस सरकारी अस्पताल में गर्भवती संग संवेदनहीनता की हदें पार

मुंबई हलचल/संवाददाता

**बाजपुर (ऊधम सिंह नगर)।** एक तरफ नारी सशक्तिकरण की बात होती है, महिलाओं के सम्मान की बात होती है और दूसरी तरफ हमारा सिस्टम ही इन दावों की बखिया उधेड़ता है। बाजपुर के उप जिला चिकित्सालय में गर्भवती महिला की सावधानी के साथ डिलीवरी कराने के बजाय संवेदनहीनता दिखाई गई। उसे अस्पताल में भर्ती न कर बाहर एक मेज पर लेटा दिया गया। हालत बिगड़ने के बावजूद किसी ने नहीं सुनी तो मेज पर ही महिला का प्रसव हो गया। महिला के पति ने सरकारी अस्पताल में इस गंभीर लापरवाही की शिकायत की है। उसने नर्स और आशा कार्यकर्ता को इसके लिए जिम्मेदार बताया है। शिकायत के बाद सीएमएस ने जांच कराने व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है। ग्राम लखनपुर निवासी विशाल ने सीएमएस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि 19 जून शाम छह बजे उसकी गर्भवती पत्नी की तबीयत खराब हुई थी। आशा कार्यकर्ता के माध्यम से उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जांच के बाद पत्नी को बाहर मेज पर लेटा दिया। अनुरोध के बावजूद आशा कार्यकर्ता उसे अस्पताल में छोड़कर अपने घर चली गई। रात में पत्नी की तबीयत बिगड़ी। कई बार नर्स को बुलाया, लेकिन कोई नहीं आया। जिससे गर्भवती महिला की बाहर मेज पर लेटे हुए ही डिलीवरी हो गई। इतना ही नहीं डिलीवरी के दौरान पत्नी दर्द से कराहती रही, मगर फिर भी किसी को तरस नहीं आया। कुछ देर बाद आशा कार्यकर्ता व नर्स आई तो उन्हें स्थिति के बारे में बताया गया, मगर उन्होंने भी संवेदना नहीं दिखाई।


## एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक फायदा

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से 3 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.06 लाख करोड़ बढ़ा

मुंबई हलचल / मुंबई

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक फायदा हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया।

बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। इन कंपनियों की बाजार हैसियत सामूहिक रूप से 1,01,769.1 करोड़ रुपए घट गई।



### बाजार पूंजीकरण

| कंपनी या बैंक | घटा-बढ़ा | कुल राशि |
|---|---|---|
| एचडीएफसी | +52,091.56 | 12,67,056.69 |
| आईसीआईसीआई | +36,118.99 | 8,13,914.89 |
| इन्फोसिस | +17,915.43 | 6,35,945.80 |
| रिलायंस | -32,271.31 | 19,66,686.57 |
| एलआईसी | -27,260.74 | 6,47,616.51 |
| आईटीस | -14,357.43 | 5,23,858.91 |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | -8,904.95 | 5,73,617.46 |
| टीसीएस | -8,321.6 | 13,78,111.45 |
| भारती एयरटेल | -7,261.72 | 8,04,262.65 |
| भारतीय स्टेट बैंक | -3,391.35 | 7,46,454.54 |

*(नोट : राशि करोड़ रुपए में)*

### वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

मासिक डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। सप्ताह के दौरान शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा, मानसून की प्रगति और ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी सप्ताह के दौरान निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, 'इस सप्ताह, बजट से जुड़ी चर्चाओं के बीच क्षेत्र विशेष गतिविधियों की उम्मीद है। मानसून की प्रगति पर सभी की निगाह रहेगी। निकट अवधि में इससे निवेशकों की धारणा पर असर पड़ सकता है।'

### बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 458 परियोजनाओं की लागत 5.71 लाख करोड़ बढ़ी



बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 458 परियोजनाओं की लागत इस साल मई तक तय अनुमान से 5.71 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ गई है, जबकि 831 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं।


TRANSFORM YOUR BUSINESS THROUGH
ALPHA
MIND
PROGRAMMING
By:
PRAVEEN SAGAR
Ready To Grow 3X?
JOIN
Our Scientifically Proven
Mind Power Session For
Massive Success & Happiness
What You'll Achieve?
Super Sales
Crossing Targets
Wholistic Work Life Balance
Big Money with Peace of Mind
PRAVEEN SAGAR
Mind Power Success Coach
I INK WHAT YOU THINK
+91 99788 00522 / +91 94283 30770
psagarmanpuria@gmail.com
praveensagarmindguru
praveensagarMindGuru



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# एक दूरे के हुए सोनाक्षी-जहीर



**इंतजार** खत्म हो गया है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अब पति-पत्नी बन गए हैं। दोनों की शादी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। कपल ने न ही हिंदू रीति- रिवाज से शादी की है और न ही मुस्लिम से। दोनों ने सिविल मैरिज की है। जिसे कोर्ट मैरिज कहा जाता है। मेहंदी, हल्दी रस्मों के बाद अब फाइनली दोनों शादी के बंधन में बंध चुके हैं । अब एक्ट्रेस ने शादी के बाद पति संग पहली फोटो शेयर की है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा के पीछे उनके पिता शत्रुघ्न सिन्हा भी नजर आ रहे है। सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी में लाल रंग का नहीं बल्कि क्रीम कलर की साड़ी पहनी है। वहीं, जहीर इकबाल ने भी क्रीम कलर का कुर्ता पजामा पहना है। दोनों साथ में बेहद प्यारे लग रहे हैं और सोनाक्षी सिन्हा का एक फोटो में पति जहीर इकबाल हाथ चूमते दिख रहे हैं।



ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. : 2011

# G. D. JALAN COLLEGE

Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board (MARWARI MINORITY)
*Upper Govind Nagar, Malad (East)*

**NAAC accredited with B+** **ISO 9001: 2015 Certified College**

## Admissions Open

**The following programs are as per National Education Policy (NEP 2020)**

**B.Com.:** : Bachelor of Commerce

**B.Com.:** : Bachelor of Commerce (Management Studies)

**B.A.F.:** : Bachelor of Commerce (Accounting and Finance)

**B.Sc.:** : Bachelor of Science

**B.Sc.I.T.:** : Bachelor of Science (Information Technology)

**College Code : MU-0527**

**Contact Number: 9321558419/ 9321674124**